## संपादकीय

### आंकड़ों से उत्साह, चिंता बढ़ी

उत्तराखंड की विश्व प्रसिद्ध चार धाम यात्रा के शुरू होने से पूर्व दिखने वाले रुझान यह बताने के लिए काफी है कि इस सीजन की यात्रा राज्य सरकार और जिला प्रशासन के लिए कांटो भरी राह के समान साबित होने वाली है। कुछ दिन पूर्व ही दर्शनों के लिए पंजीकरण व्यवस्था शुरू की गई थी जिसने पुराने सारे रिकॉर्ड पीछे छोड़ते हुए शासन के आगे एक चुनौती खड़ी कर दी है। पंजीकरण का आंकड़ा 18 लाख के पर पहुंच गया है जो यह स्पष्ट करता है कि यह महज एक सीमित संख्या नहीं है बल्कि पीक सीजन में यह आंकड़ा कई गुना पीछे छूट जाएगा। गत वर्ष भी राज्य सरकार ने पंजीकरण की व्यवस्था को लागू किया था लेकिन उसे समय तमाम अव्यवस्थाओं के कारण पंजीकरण के अलावा भी दर्शनों की अनुमति देनी पड़ी। श्रद्धालुओं के सैलाब के आगे सरकार की व्यवस्था ताश के पत्तों की तरह ढह गई, और यह साबित हो गया कि सामान्य व्यवस्थाओं के तहत अब चार धाम यात्रा के आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करना संभव नहीं है। इसके लिए पुराने घिसे पीते ढर्रे पर ना चल कर एक मजबूत रोड मैप बनाने के साथ-साथ ठोस व्यवस्थाएं भी बनाना जरूरी है ताकि भीड़ का आंकड़ा बढ़ने के बाद भी व्यवस्थाएं बिगड़ने न पाए। पंजीकरण के आंकड़ों को देखकर इस बार भी दर्शनों के लिए टोकन एवं कतार प्रबंधन व्यवस्था पर ही सरकार फोकस कर रही है। इस बार भी पंजीकरण अनिवार्य है। टोकन व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू करने के लिए चार धाम यात्रा मार्ग के मुख्य जिलों उत्तरकाशी, हरिद्वार, चमोली व रुद्रप्रयाग के डीएम, एसएसपी को पर्यटन विभाग ने पत्र जारी कर दिया है, जो यह बताता है कि सरकार इस बार पिछले वर्ष जैसी गलतियों को दोहराना नहीं चाहती। पिछले साल पर्यटन विभाग ने टोकन सिस्टम लागू किया था जो बुरी तरह से विफल साबित हुआ था और श्रद्धालुओं को अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ा था। अब एक नजर ऑनलाइन बुकिंग पर डालें तो यमुनोत्री के लिए 2,92,193, गंगोत्री के लिए 3,29,246, केदारनाथ के लिए 6,33,568, बदरीनाथ के लिए 5,33,518, हेमकुंड साहिब के लिए 31,852 पंजीकरण हो चुके हैं यानी कुल 18 लाख 20 हजार 377 श्रद्धालुओं ने चारधाम के लिए अब तक पंजीकरण करा लिया है, जो पर्यटन एवम राजस्व की दृष्टि से भी एक उत्साहित करने वाला आंकड़ा है। यहां सबसे जरूरी है कि सरकार श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुचारू परिवहन व्यवस्था पार्किंग शौचालय खानपान व्यवस्था जैसी बुनियादी प्रबंधन कड़ी को मजबूत करें, अन्यथा यदि कागजों पर ही बड़े-बड़े दावे किए जाते रहेंगे तो वही सब देखने को मिलेगा जो पिछले साल सामने आया था। खास तौर से सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। इसके लिए परिवहन विभाग, एसडीआरएफ एवम एंबुलेंस की मोबाइल टीम गठित करने के साथ-साथ स्वास्थ्य टीमों को भी चार धाम यात्रा में व्यापक स्थान पर तैनात किया जाए।

# विरासत' के मुद्दे पर रणनीतिक घेराबंदी

**राशिद किदवई**

इस लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस को सतर्क रहने की जरूरत यह थी कि भाजपा हर तरह से उसे कमजोर करने और रक्षात्मक बनाने की कोशिश करेगी। वह अपनी पहले की उपलब्धियों तथा मोदी सरकार की खामियों को असरदार तरीके से मतदाताओं के सामने पेश नहीं कर पा रही है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के एक भाषण को तोड़-मरोड़कर भाजपा ने एक बड़ा विमर्श खड़ा कर दिया, जिसमें उन्होंने देश के संसाधनों पर अल्पसंख्यकों के साथ-साथ सभी वंचित समुदायों के अधिकार की बात की थी।

उल्लेखनीय है कि डॉ सिंह के कार्यकाल में सच्चर कमिटी की रिपोर्ट आयी थी, जिसमें रेखांकित किया गया था कि सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मुस्लिम समुदाय की हालत बेहद खराब है। लेकिन उस रिपोर्ट पर क्या कार्रवाई की गयी, इसकी कोई रिपोर्ट तत्कालीन सरकार नहीं पेश कर सकी थी। जबकि इस चुनाव से ठीक पहले तक भाजपा और केंद्र सरकार अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए किये जा रहे प्रयासों का श्रेय ले रही थी।

इसके बरक्स हम कांग्रेस को देखें, तो वह अपने चुनावी घोषणापत्र में कही गयी बातों को ठीक से लोगों के पास नहीं ले जा पा रही है। इसी वजह से उन मुद्दों पर चर्चा भी नहीं हो रही है। भाजपा ने मुस्लिम मुद्दे और कांग्रेस में वाम सोच के लोगों के असर को मिलाकर कांग्रेस को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की है, जिसमें वह कामयाब होती दिख रही है।

देश में एक बड़ा मध्य वर्ग है, जिसकी संख्या चालीस करोड़ से अधिक बतायी जाती है और जो राजनीतिक रूप से भी मुखर है और मतदान में भी बड़ी तादाद में हिस्सा लेता है। उस वर्ग में भाजपा इस बात को ले गयी कि कांग्रेस विरासत कर का कानून लाना चाहती है और लोगों की कमाई को हड़पना चाहती है। इस बात को बार-बार कहा जा रहा है। लेकिन कांग्रेस उसका ठीक से जवाब नहीं दे पा रही है।

दिलचस्प बात यह है कि एक तरह खुद कांग्रेस ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी। अमेरिका में बैठे ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक साक्षात्कार में उल्लेख किया कि अमेरिका में विरासत पर टैक्स लगाया जाता है। इस संबंध में पहली बात तो यह कि भारत और अमेरिका की आर्थिक स्थिति बिल्कुल भिन्न है। दूसरी बात यह है कि सबको पता है कि अमेरिका में राज्यों के अलग-अलग क़ानून होते हैं। वहां सभी राज्यों में इस तरह का कानून नहीं है।

शायद पांच-छह राज्यों में ऐसे कानून हैं और उनके भी प्रावधान अलग-अलग हैं। इस बयान से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा है। उसने इसका खंडन और स्पष्टीकरण भी दिया, तो अगर-मगर के साथ दिया। जहां कांग्रेस को फोकस के साथ आक्रमक होना था, वहां वह अपने ही लोगों के बयानों के चलते फंसती नजर आ रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति से आप असहमत हो सकते हैं, लेकिन उनकी इस क्षमता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है कि उन्हें यह बखूबी पता होता है कि कौन सी बात जनता में पसंद की जायेगी या किस चीज पर लोग आकर्षित होंगे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के साथ के क्षेत्रीय दलों पर अपेक्षाकृत कम हमलावर हैं। मुख्य रूप से उनके निशाने पर कांग्रेस और राहुल गांधी हैं। यह उनकी शैली रही है।

राहुल गांधी न तो कांग्रेस की ओर से और न ही इंडिया गठबंधन की तरफ से

**दिलचस्प बात यह है कि एक तरह खुद कांग्रेस ने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारी। अमेरिका में बैठे ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने एक साक्षात्कार में उल्लेख किया कि अमेरिका में विरासत पर टैक्स लगाया जाता है। इस संबंध में पहली बात तो यह कि भारत और अमेरिका की आर्थिक स्थिति बिल्कुल भिन्न है। दूसरी बात यह है कि सबको पता है कि अमेरिका में राज्यों के अलग-अलग क़ानून होते हैं। वहां सभी राज्यों में इस तरह का कानून नहीं है। शायद पांच-छह राज्यों में ऐसे कानून हैं और उनके भी प्रावधान अलग-अलग हैं। इस बयान से कांग्रेस को नुकसान पहुंचा है। उसने इसका खंडन और स्पष्टीकरण भी दिया, तो अगर-मगर के साथ दिया। जहां कांग्रेस को फोकस के साथ आक्रमक होना था, वहां वह अपने ही लोगों के बयानों के चलते फंसती नजर आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति से आप असहमत हो सकते हैं, लेकिन उनकी इस क्षमता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है कि उन्हें यह बखूबी पता होता है कि कौन सी बात जनता में पसंद की जायेगी या किस चीज पर लोग आकर्षित होंगे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी कांग्रेस के साथ के क्षेत्रीय दलों पर अपेक्षाकृत कम हमलावर हैं।**




प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के चुनाव अभियान के वे केंद्र में हैं क्योंकि यह भाजपा की रणनीति का हिस्सा है कि चुनाव को मोदी बनाम राहुल गांधी बनाया जाए। इसीलिए भाजपा बार-बार यह सवाल उठा रही है कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं। अगर राहुल गांधी ऐसा करते हैं, तो भाजपा को यह बात कहने में और आसानी हो जायेगी कि यह चुनाव मोदी बनाम राहुल गांधी है क्योंकि आम तौर पर दो लोकसभा सीटों से वे ही नेता चुनाव लड़ते हैं, जो प्रधानमंत्री पद के दावेदार होते हैं। इस मामले में कांग्रेस ने तुरंत कोई निर्णय न लेकर भाजपा के लिए काम आसान ही किया है।

रणनीति के मामले में कांग्रेस की और भी खामियां सामने आ रही हैं।

इंडिया गठबंधन में शामिल सभी पार्टियों ने अपने-अपने घोषणापत्र जारी किये हैं। अगर गठबंधन बना है, तो एक कार्यक्रम के तहत चुनावी मैदान में उतरना ज्यादा असरदार होता। ऐसा कार्यक्रम बनाना कोई मुश्किल की बात नहीं थी क्योंकि यूपीए के समय का कॉमन मिनिमम प्रोग्राम एक उदाहरण के रूप में उनके सामने था। उस कार्यक्रम को सजाकर एक नयी दृष्टि और योजना के साथ लोगों के सामने रखा जा सकता था। समूचे गठबंधन का एक साझा घोषणापत्र नहीं होने से मतदाताओं के बीच संदेश पहुंचाने में मुश्किल हुई है। कांग्रेस के साथ एक बड़ी कमी यह भी है कि प्रतिक्रिया देने की कोई सुव्यवस्थित ढांचा नहीं है। अगर भाजपा की ओर से कोई बात कही जा रही है, कोई आरोप लगाया जा रहा है, तो तुरंत उस पर ठोस जवाब आना चाहिए। आप देखें कि अमेरिका में बैठकर सैम पित्रोदा ने विरासत कर की बात की और तुरंत उस पर प्रधानमंत्री समेत तमाम बड़े भाजपा नेताओं के आक्रमक बयान आने लगे। उस बात को बड़ा चुनावी मुद्दा उन्होंने बना दिया। यह समझना जरूरी है कि निजी संपत्ति का मसला एक संवेदनशील विषय होता है।

गरीब हो या अमीर, हर कोई अपनी जमीन, गहने, बचत आदि को लेकर भावनात्मक होता है। भाजपा ने विरासत कर के मुद्दे को उठाकर लोगों को यह जताने का प्रयास किया है कि कांग्रेस निजी संपत्ति के विरुद्ध है। इसी मामले में संपत्ति वितरण को जोड़ दिया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस मसले को मंगलसूत्र से जोड़कर प्रभावी बना दिया।

चुनाव प्रचार में यह बहुत महत्वपूर्ण नहीं होता है कि कोई बात तथ्यात्मक रूप से किसी सही है या गलत है। प्रधानमंत्री मोदी की एक लोकप्रियता है और उनके पास संदेश को असरदार ढंग से लोगों तक पहुंचाने की क्षमता है। लेकिन जब उनके बयानों का खंडन होता है, तो उसमें वह प्रभाव नहीं आ पाता है। कांग्रेस अपने भीतर के उथल-पुथल को भी संभालने में कामयाब नहीं रही है। यह बात अनेक राज्यों में टिकट बंटवारे और सहयोगी दलों के साथ तालमेल बनाने में साबित हो चुकी है। यह विडंबना ही कही जायेगी कि दिल्ली में, जहां कांग्रेस का समूचा शीर्ष नेतृत्व है, पार्टी के भीतर बवाल मचा हुआ है। गठबंधन पर और टिकट को लेकर राज्य इकाई के अध्यक्ष ने ही इस्तीफा दे दिया है। यह प्रकरण संगठनात्मक असफलता को ही दर्शाता है।

# सामाजिक—आर्थिक विकास का वाहक बन रहा मध्यम वर्ग

**—डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

माने या ना माने पर इसमें कोई दो राय नहीं कि किसी भी देश के आर्थिक-सामाजिक विकास में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। यह केवल हमारे देश के संदर्भ में ही नहीं अपितु समूचे विश्व की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का अध्ययन किया जाएगा तो कारण यही सामने आएगा। सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों के बदलाव में मध्यम वर्ग की प्रमुख भूमिका रही है। औद्योगिक क्रांति के बाद जिस तरह से श्रमिक वर्ग उभर कर आया तो औद्योगिक क्रांति का ही बाई प्रोडक्ट मध्यम वर्ग का उत्थान माना जा सकता है। आर्थिक विश्लेषकों की माने तो आर्थिक विकास का कोई ग्रोथ इंजन है तो वह मध्यम वर्ग है। ज्यादा दूर नहीं जाए और केवल वर्तमान दशक की शुरुआत बल्कि 2021 की ही बात करें तो देश में 30 फीसदी परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में आ गए थे। ऐसा माना जा रहा है कि 2031 तक यह आंकड़ा बढ़कर 46 फीसदी को छू जाएगा। यानी की इस दशक में बचे साढ़े पांच साल में भी मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में तेजी से सुधार होगा। 2021 में जहां 9।1 करोड़ परिवार मध्यम आय वर्ग की श्रेणी में थे वहीं 2031 तक यह संख्या बढ़कर 16।9 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है। किसी भी देश और उसकी अर्थव्यवस्था के लिए यह अपने आप में किसी बढ़ी उपलब्धि से कम नहीं आंकी जा सकती। विशेषज्ञों के अनुसार 5 लाख से 38 लाख सालान आय वाले परिवारों को मध्यम आय वर्ग श्रेणी में माना गया है। यह भी समझना होगा कि मध्यम वर्ग का विस्तार का सीधा सीधा अर्थ गरीबी रेखा से लोगों का बाहर आना और बाजारु गतिविधियों में तेजी आने का कारण मध्यम वर्ग ही है। मांग और आपूर्ति को भी मध्यम वर्ग के संदर्भ में ही देखा और समझा जा सकता है।

—डॉ। राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

मध्यम आय वर्ग में इजाफा होने का मतलब साफ-साफ यह हो जाता है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। इसे यों समझा जा सकता है कि मध्यम आय वर्ग या दूसरे अर्थ में हम मध्यम वर्ग की बात करें तो जीवन जीने का कोई आनंद लेता है तो वह मध्यम वर्ग ही है। मध्यम वर्ग के लोग जीवन को जीने में विश्वास रखते हैं भले ही उन्हें कृत्वा घृतं पीबेत की मानसिकता के अनुसार जीवन यापन करना पड़ें। यही कारण है कि मध्यम वर्ग दिल खोलकर पैसा खर्च करता है। इसका एक कारण सामाजिक ताने-बाने की भाषा में हम कहें तो यह कहा जा सकता है कि बहुत कुछ वह दिखावे के लिए करता है। जीवन यापन की दिखावे की इस प्रतिस्पर्धा में वह वो सब कुछ पाना चाहता है जो उसके परिवार, पड़ोसी, मित्रगण या आसपास के लोगों के पास है। इसमें रहन-सहन, खान-पान, पहनना-ओढ़ना, शिक्षा और इसी तरह की अन्य वस्तुओं/साधनों को प्राप्त करना मध्यम वर्ग का ध्येय रहता है और इसी कारण बाजार में नित नए उत्पादों की मांग बढ़ती है तो देश के लोगों के जीवन स्तर का पता चलता है।

दरअसल मध्यम वर्ग व्हाईट कॉलर का प्रतिनिधित्व करता है। वह इस प्रयास में रहता है कि दिन प्रतिदिन वह अधिक से अधिक साधन जुटाएं, भले ही उसके लिए उसे उधार का सहारा लेना पड़े। यहां यह भी समझ लेना जरुरी हो जाता है कि उच्च आय वर्ग की अपनी समझ व पहुंच होती है। पहली बात तो उच्च आय वर्ग की दायरे में कम लोग है। उनकी पसंद ना पसंद अलग होती है। उनके लिए जो उत्पाद बाजार में आएंगे वो अलग श्रेणी के होंगे। मध्यम वर्ग लगभग उसी दौड़ में दौड़ने का प्रयास करता है। उच्च वर्ग के पास लक्जिरियस चौपहिया वाहन है तो उसकी मांग पहले चरण में चौपहिया वाहन व उसके बाद ज्यों-ज्यों वह थोड़ा आगे बढ़ना चाहेगा अपनी पहुंच के सुविधाजनक चौपहिया वाहन पाने की कोशिश में जुट जाएगा। इसी तरह से बाजार की मांग को मध्यम वर्ग ही बढ़ाता है। तस्वीर हमारे सामने हैं। ज्यादा पुरानी बात नहीं दो दशक ही हुए होंगे कि घरों में पंखों की जगह कूलरों ने ली और कूलरों में भी हैसियत अनुसार ब्राण्डेड कंपनियों से लेकर लोकल कंपनियों के कूलरों ने घरों में जगह बनाई। आज तस्वीर का दूसरा पहलू सामने आ गया है जिस एयर कण्डीशनर के लिए केवल सोचा जा सकता था वह आज घर-घर में पहुंच गया है।

## बढ़ता पारिवारिक ऋण

**सुषमा गौर**

परंपरागत तौर पर भारतीय परिवारों में अधिक बचत करने तथा कम कर्ज लेने की प्रवृत्ति रही है, पर अब यह परिदृश्य बदलता जा रहा है। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर 2023) में पारिवारिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद के 39.1 प्रतिशत के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यह अनुपात एक वर्ष पहले 36.7 प्रतिशत रहा था। वर्ष 2021 के जनवरी-मार्च की अवधि में पारिवारिक ऋण का अनुपात 38.6 प्रतिशत था।


इस कर्ज का 72 प्रतिशत हिस्सा गैर-आवासीय ऋण है, जो आवास के लिए हासिल किये जाने वाले कर्ज की तुलना में तेज गति से बढ़ता जा रहा है। आवास के कर्ज में वृद्धि 12.2 प्रतिशत रही, जबकि गैर-आवासीय ऋण में बढ़ोतरी 18.3 प्रतिशत हुई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड की हालिया रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि कर्ज के आंकड़े इंगित कर रहे हैं कि लोग परिसंपत्तियां खरीदने की अपेक्षा उपभोक्ता वस्तुओं की खरीद या फिजूलखर्ची पर अधिक खर्च कर रहे हैं।

कुछ अन्य अध्ययनों में पाया गया है कि ऐसे लोगों की संख्या भी बढ़ रही है, जो कर्ज चुकाने के लिए अधिक ब्याज दरों पर व्यक्तिगत ऋण ले रहे हैं। उपभोग भारतीय अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। हमारी अर्थव्यवस्था का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा उपभोग से संचालित होता है। यदि क्रय शक्ति बढ़ने या भविष्य को लेकर सकारात्मक विश्वास से उपभोग बढ़ता है, तो यह अच्छी बात है, लेकिन असुरक्षित ऋण बैंकों पर बोझ हो सकते है तथा वित्तीय प्रणाली के लिए जोखिम बन सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अनेक बार क्रेडिट कार्ड बकाया, पर्सनल लोन, उपभोक्ता ऋण में बड़ी उछाल को लेकर चिंता जतायी है तथा बैंकों को सचेत रहने की सलाह दी है। पिछले वर्ष अनेक चेतावनियों के बाद रिजर्व बैंक ने असुरक्षित कर्ज देना बैंकों के लिए महंगा बना दिया था।

# अभिनेत्री से निर्माता बनीं सामंथा, पोस्टर के साथ नई फिल्म बंगाराम का किया एलान

ऊ अंटावा गर्ल फेम सामंथा रुथ प्रभु अपने 36वां जन्मदिन के खास मौके पर उनके सभी दोस्त, रिश्तेदार सेलेब्स और फैंस की लगातार शुभकामनाएं उनके सोशल मीडिया पर आ रही हैं। अपने बर्थडे को और भी खास बनाने के लिए सामंथा ने अपने फैंस के लिए एक सरप्राइज दिया है। दरअसल, आज जन्मदिन के मौके पर सामंथा ने अपनी नई फिल्म की घोषणा करते हुए फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है।

सामंथा की आगामी फिल्म का नाम बंगाराम है। सामंथा रुथ प्रभु ने कुछ ही घंटों पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी नई फिल्म की घोषणा की है। इसेक साथ ही सामंथा ने फिल्म का पोस्टर भी साझा किया है। इस पोस्टर में सामंथा का अबतक का सबसे खूंखार लुक दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर में सामंथा अपने हाथ में बंदूक पकड़े हुए



दिखाई दे रही हैं। उनके चेहरे पर खून के छींटे दिखाई दे रहे हैं। फिल्म बंगाराम में उनका यह लुक लोगों को डरा भी रहा है और पसंद भी आ रहा है।

सामंथा की फिल्म बंगाराम का यह पोस्टर अब फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। उनका यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामांथ ने कुछ ही घंटों पहले फिल्म का पोस्टर और मोशन वीडियो शेयर किया है। सामंथा ने पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, सुनहरा होने के लिए हर चीज का चमकदार होना जरूरी नहीं है, बंगाराम जल्द ही शुरू होगा।

फिल्म बंगाराम के पोस्टर को देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं। फैंस को अभिनेत्री का यह दमदार लुक काफी पसंद आ रहा है। फैंस लगातार उनके जन्मदिन के साथ ही इस लुक को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा है, हैप्पी बर्थ डे क्वीन, एक और फैन ने लिखा, वैरी कूल पोस्टर। एक फैन ने लिखा, बंगाराम ऑन फॉयर।, एक और फैन ने लिखा, पोस्टर को देखकर तो मेरे रौंगटे खड़े हो गए। उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म सुपर हिट हो। फिर से एक बार हैप्पी बर्थ डे लव।

## संजय लीला भंसाली की हीरामंडी का नया गाना आजादी हुआ रिलीज; आजादी के लिए लड़ती दिखीं तवायफें

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरामंडीः द डायमंड बाजार रिलीज के नजदीक पहुंच गई है। स्त्रुक्कअपनी सीरीज के साथ ऑडियंस को एंटरटेन करने के लिए तैयार हैं। अब तक हीरामंडी के दो गाने तिलस्मी बाहें और सकल बन जारी किए जा चुके हैं। अब सीरीज का तीसरा गाना आजादी भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें हीरामंडी की तवायफें अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ते हुए नजर आ रही हैं। संजय लीला भंसाली भव्य फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। देवदास से लेकर पद्मावत तक, उनकी लगभग हर फिल्म में ग्रैंड सेट और शानदार कॉस्ट्यूम्स देखने को मिले। अब डायरेक्टर हीरामंडी के साथ भी यही हैरान करने के लिए तैयार हैं। सीरीज के अपने टीजर और ट्रेलर रिलीज से ही दर्शकों के बीच चर्चा बटोर रहा है।

# नडाल ने चौथे दौर में हार के बाद मैड्रिड ओपन से ली विदाई

मैड्रिड, राफेल नडाल ने चेक खिलाड़ी जिरी लेहेका से चौथे दौर में 5-7, 4-6 से हार के बाद मैड्रिड ओपन, एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रशंसकों से विदाई ली, जिसे उन्होंने अपने शानदार करियर के दौरान पांच बार जीता था। टूर्नामेंट के पांच बार के चैंपियन (2005, 2010, 2013, 2014 और 2017) ने लेहेका के खिलाफ अपनी मैड्रिड ओपन यात्रा का चौथे दौर का मैच दो घंटे और दो मिनट तक चला। एक जीत का मतलब मैड्रिड में स्पैनियार्ड के लिए जीत संख्या 60 होती, लेकिन 2003 में मैड्रिड एरेना में एलेक्स कोरेट्जा के खिलाफ अपने पहले मैच के बाद से उनकी गिनती अब हमेशा 59 जीत और सिर्फ 15 हार पर ही रहेगी। मैच के बाद, भावुक नडाल ने कोर्ट पर एक विशेष प्रस्तुति दी, जिसमें मैड्रिड ने अपने सबसे महान चैंपियन को अलविदा कहा और 2008, 10, 13-14 और 17 में उनके पांच खिताबों को



चिह्नित करने वाले बैनर फहराए गए। एटीपी टूर ने नडाल के हवाले से कहा, यह मेरे लिए बहुत खास सप्ताह रहा है, कई मायनों में बहुत सकारात्मक, व्यक्तिगत रूप से और मेरे टेनिस के लिए। मुझे फिर से कोर्ट पर खेलने का मौका मिला। कुछ हफ्ते पहले, बार्सिलोना से दो दिन पहले, मुझे नहीं पता था कि मैं फिर से एक आधिकारिक मैच में प्रतिस्पर्धा करूंगा और मैंने अब तक दो सप्ताह तक खेला है, यह अविस्मरणीय है। केवल एक चीज जो मैं कह सकता हूं वह है धन्यवाद। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है जो तब शुरू हुई जब मैं छोटा था। मैं पहली बार 2003 में मैड्रिड आया था, जब टूर्नामेंट इंडोर खेला गया था। मैं पहली बार प्रतिस्पर्धी महसूस करते हुए 2005 में यहां आया था। यह मेरे करियर की सबसे रोमांचक जीतों में से एक थी। तब से, हर किसी से बिना शर्त समर्थन मिल रहा है। मैं आपको पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता।

# ऑपरेशन ट्राइडेंट का ऐलान, 1971 के इंडो—पाक वॉर पर रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर बना रहे फिल्म

भारत और पाकिस्तान का मुद्दा हमेशा गरमा-गरम रहता है. लोग इसके बारे में जानना चाहते हैं, देखना चाहते हैं और समझना चाहते हैं. शायद इसी वजह से भारतीय सिनेमा के अलग-अलग जोनर की फिल्में इस मुद्दे पर फिल्म बनती हैं. हिंदी सिनेमा में तो इस मुद्दे पर तमाम फिल्में बनी हैं. अब एक और फिल्म आ रही है जो इसी मुद्दे पर बनी है और फिल्म का नाम ऑपरेशन ट्राइडेंट है.

इस फिल्म की कहानी 1971 में हुए इंडो-पाक वॉर पर आधारित होगी. जिसमें इंडियन नवी ने साहसिक हमला किया और उन्हें ऐतिहासिक जीत मिली थी. इसि



फिल्म की कहानी आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करेगी.दिल्ली के नौसेना भवन से कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. इस प्रोजेक्ट के बारे में एक्सेल मूवीज के इंस्टाग्राम पेज पर बताया गया है. इसमें कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें लिखा है कि एक्सेल और सनशाइन डिजिमीडिया प्रस्तुत करते हैं ओपरेशन ट्राइडेंट इसमें 1971 में हुए भारत-पाकिस्तान के उस वॉर को दिखाया जाएगा जिसे भारतीय नेवी ने जीता था.

सीएनएस एडमिरल आर हरि कुमार, रितेश सिधवानी (प्रोड्यूसर, एक्सेल एंटरटेनमेंट), कासिम जगमगिया और विशाल रामचंदानी (को-प्रोड्यूसर्स, एक्सेल एंटरटेनमेंट), अभिनव शुक्ला (प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) प्रियंका बेलोरकर (को-प्रोड्यूसर, सनशाइन डिजीमीडिया) की मौजूदगी में हुई है.

## लखनऊ के कोच लैंगर ने मयंक यादव की चोट पर दिया अपडेट

नई दिल्ली, लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने स्टार तेज गेंदबाज मयंक यादव की चोट पर अपडेट देते हुए कहा है कि परफेक्ट रिहैबिलिटेशन से गुजरने के बावजूद, युवा खिलाड़ी को अभी भी थोड़ी परेशान है।लैंगर ने आगे कहा कि युवा तेज गेंदबाज का भी स्कैन कराया जाएगा। पेट के निचले हिस्से में दर्द के कारण पांच मैच न खेलने के बाद मयंक प्लेइंग-11 में लौटे। मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में 3.1 ओवर में 31 रन देकर 1 विकेट के आंकड़े पर चोट के कारण उन्होंने मैदान छोड़ दिया।मैच के बाद लखनऊ के मुख्य कोच ने कहा, ऐसा लगता है कि उसे एक ही जगह पर दर्द है, उसका पुनर्वास बिल्कुल सही रहा है, उसने पिछले कुछ हफ्तों में दर्द रहित गेंदबाजी की है, वह अच्छी स्थिति में दिख रहा है। हालांकि, उसे फिर थोड़ी परेशानी हुई है जिस पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# हार्दिक पांड्या पर बीसीसीआई ने लिया बड़ा एक्शन, अगले मैच के बाद हो सकते हैं बैन

नईदिल्ली, आईपीएल 2024 के 48वें मैच में लखनऊसुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस का आमना-सामना हुआ था. यह मैच लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेला गया था. इस मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. हार के अलावा मुंबई इंडियंस की टीम और कप्तान हार्दिक पांड्या को एक और बड़ा नुकसान हुआ है. दरअसल लखनऊ के खिलाफ खेले गए मुकाबले में स्लो ओवर रेट चलते बीसीसीआई ने मंगलवार को पूरी मुंबई इंडियंस टीम पर फाइन लगाया है. मुंबई इंडियंस ने स्लो ओवर रेट से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है.

बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि एकाना क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल 2024 के मैच 48वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस की टीम द्वारा स्लो ओवर रेट बनाए रखने के बाद कप्तान पांड्या पर जुर्माना लगाया गया है.

मुंबई इंडियंस ने इस सीजन ऐसा दूसरी बार किया है, ऐसे में कप्तान पांड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया. वहीं मुंबई इंडियंस की टीम इस सीजन एक और बार अगर स्लो ओवर रेट का दोषी पाई जाती है तो टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या पर एक मैच का बैन लगा दिया जाएगा.

हार्दिक पांड्या के अलावा दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर भी दो बार स्लो ओवर रेट को लेकर जुर्माना लग चुका है. अब अगले मैच में ये दोनों कप्तान फिर से यही गलती करते हैं तो इन्हें एक मैच के लिए बैन कर दिया जाएगा. मुंबई को पहली बार 18 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर-रेट के लिए जुर्माना लगाया गया था. इस मैच में मुंबई ने 18 रन से जीता था.

# सड़क पर बह रहा हजारों लीटर पानी, घरों में सूख रहे लोगों के कंठ


भाबर क्षेत्र में मार्ग सुधारीकरण के दौरान टूटी पेयजल लाइन

### मार्ग सुधारीकरण के दौरान टूटी लाइन

कौडिया-चिल्लरखाल मार्ग के सुधारीकरण कार्य के कारण भाबर में हल्दूखाता व कंचनपुर क्षेत्र की पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में क्षेत्र के 50 परिवार पेयजल किल्लत से जूझ रहे हैं। लोगों ने कहा कि विभाग से शिकायत के बाद भी समाधान नहीं किया जा रहा है। चेतावनी दी यदि जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं की गई तो कार्य रोक दिया जाएगा। स्थानीय प्रमोद रावत, वीरेंद्र भट्ट, अरूण गुसाईं, गीता बिष्ट, दिनेश लखेड़ा, विशंबर दत्त धुलिया, प्रेम सिंह तड़ियाल ने कहा कि मार्ग चौड़ीकरण के कार्य से पेयजल लाइन कई जगहों पर क्षतिग्रस्त हो गई है। निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार, जेसीबी चालक की लापरवाही क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का सबब बनी है।

### गर्मी बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पेयजल समस्या

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** जल है तो कल है यह स्लोगन आपने स्कूल में किताबों के साथ ही शहर की दीवारों पर अवश्य पढ़ा होगा। लेकिन, शायद जल संस्थान को यह बात समझ नहीं आ रही। हालत यह है कि क्षेत्र में अधिकांश जर्जर पेयजल लाइनों से हर रोज सैकड़ों लीटर जल सड़क पर बहकर बर्बाद हो रहा है। ऐसे में कई घरों में पानी का फ्लो बिल्कुल कम हो चुका है तो कई घरों में पानी की बूंद तक नहीं आ रही। नतीजा भीषण गर्मी में आमजन को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।

घर-घर जल पहुंचाने के लिए साठ के दशक में पेयजल लाइन बिछाई गई थी। समय बीतता चला गया और आज यह पेयजल लाइनें पूरी तरह बूढ़ी हो चुकी हैं। शायद ही शहर में कोई ऐसा वार्ड हो जहां इन पेयजल लाइनों से पानी लीक न हो रहा हो। जल संस्थान की ओर से पानी छोड़ने पर जगह-जगह लीकेज नजर आने लगता है। समस्या के कारण कई घरों में पानी का फ्लो बहुत कम हो चुका है। बिना मोटर चलाए किसी भी घर में पानी नहीं पहुंच पाता। लीक हो रही इन पेयजल लाइनों ने गर्मी के मौसम में मुश्किलें अधिक बढ़ा दी है। क्षेत्रवासी सत्यपाल सिंह, मनोज कुमार ने बताया कि बूढ़ी हो चुकी पेयजल लाइनों को बदलने के लिए कई बार शासन-प्रशासन को पत्र लिख चुके हैं। लेकिन, अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा लापरवाही गर्मी में मुश्किलें बढ़ा दी है। जनता के हित को देखते हुए जल्द ही पेयजल लाइनों को बदला जाना अति आवश्यक है।

## भारत सहित विश्व स्तर पर मजदूर लगातार होता जा रहा मजबूर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मजदूर दिवस पर बुधवार को सीटू के बैनर तले विभिन्न संगठनों ने कार्यक्रम आयोजित कर श्रमिकों के हक की आवाज उठाई। इस मौके पर वक्ताओं ने दुनिया देश और प्रदेश में आ रहे बदलाव, पूंजीपतियों द्वारा शोषण व श्रमिक कानून पर विस्तार से चर्चा की और मजदूरों की हित की आवाज को उठाया।

बुधवार को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के कार्यक्रम में विभिन्न संगठनों द्वारा शिकागो के अमर शहीदों को भी याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारत सहित विश्व स्तर पर मजदूर लगातार मजबूर होता जा रहा है, कहा कि जिस दिन देश के मजदूर शिकागो के अमर शहीदों के बलिदान को आत्मसात कर लेंगे दुनिया से मजदूरों पर होने वाले जुल्म, अत्याचार समाप्त होने लगेंगे। इस मौके पर सीटू के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रावत, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के महासचिव नरेश चंद्र नौडियाल, कोषाध्यक्ष टीक प्रसाद पोखरियाल, नागरिक कल्याण एवं जागरूक विकास समिति के अध्यक्ष रघुवीर सिंह रावत, सचिव शिवप्रसाद रतूड़ी, उपाध्यक्ष पदमेंद्र बिष्ट, पूर्व सभासद यशोदा नेगी, भोजन माता कल्पेश्वरी देवी, कालिंदी देवी, गीता देवी आदि शामिल रहे।



राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व अन्य

## तिलक लगाकर किया नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर में नव प्रवेशित विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

विद्यालय में प्रार्थना सभा के उपरांत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावकों ने भी भाग लिया। विद्यार्थियों ने तिलक लगाकर अभिभावकों व नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत किया। शिक्षक राजीव शर्मा, स्मिता नेगी ने बताया कि विद्यालय में छात्र संख्या बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए सेल्फी प्वाइंट स्टैंड भी लगाया गया। प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय में 25 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया है।

# नया प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पब्लिक इंटर कॉलेज सुरखेत में प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने नया प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस दौरान नया प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री भी बांटी गई।


सुरखेत विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व शिक्षक

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि एक अप्रैल से प्रारम्भ हुए नवीन शैक्षिक सत्र 2024-25 में विद्यालय की छात्र नामांकन संख्या में वृद्धि करने के लिए विद्यालय के सेवित गांवो में स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गयी थी।

नवप्रवेशी बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क करके उनसे अपने पाल्यों को विद्यालय में प्रवेश दिलवाने के लिए जागरुक किया गया। विद्यालय द्वारा चलाए गये इस जागरुकता अभियान के पश्चात छठवीं कक्षा में 12 तथा नवीं कक्षा में 04 बच्चों ने प्रवेश करवाया। ग्यारहवीं कक्षा में 32 छात्र-छात्राओं को औपबन्धिक प्रवेश दिलाया गया। प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों के सम्मान में आयोजित किए गए स्वागतोत्सव समारोह में सभी नवप्रवेशी बच्चों का माल्यार्पण करके उन्हें पाठ्य सामग्री भेंट करके सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रकाश चन्द्र कैंथोला, प्रमोद कुमार रमोला, नीरज रमोला, विजेता गडोई सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

## बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में उतरे कर्मचारी

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि में बायोमेट्रिक हाजिरी के विरोध में बुधवार को अधिकांश शिक्षणेत्तर कर्मचारी उतर आए हैं। विरोध कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि जब तक विवि में तैनात समस्त कर्मियों की बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था नही बनती है, तब तक बायोमेट्रिक हाजिरी नही लगायी जायेगी। इससे पहले भी शिक्षणेत्तर कर्मचारी बायोमेट्रिक हाजरी का विरोध कर चुके हैं। उधर कुछ कर्मचारियों ने बायोमेट्रिक हाजिरी लगाई है। बुधवार को बायोमेट्रिक मुद्दे पर कर्मचारियों ने गढ़वाल विवि के कुलसचिव डा. धीरज शर्मा के साथ वार्ता की। इस दौरान अखिल विवि कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र भंडारी ने कहा कि बायोमेट्रिक हजारी का कोई विरोध नही है। कहा कि संविदा, दैनिक वेतन भोगी सहित जितने भी विवि से वेतन लेते हैं, उनके लिए भी बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था की जाये। भंडारी ने कहा कि पास में ही एनआईटी सहित जेएनयू विवि में भी समस्त कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी ली जाती है। लेकिन गढ़वाल विवि में केवल शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से ही बायोमेट्रिक हाजिरी ली जा रही है। कहा कि विवि प्रशासन सबके लिए एक नीति बनाये। इस दौरान कर्मचारियों ने निर्णय लिया है,कि जब तक विवि का प्रत्येक कर्मचारी के लिए बायोमेट्रिक हाजिरी की व्यवस्था लागू नही कि जाती तब तक शिक्षणेत्तर कर्मचारी बायोमेट्रिक हाजिरी नही लगाएगा।

# स्कूल के नाबालिग बच्चे चला रहे थे वाहन, पुलिस ने किए सीज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : वाहन चलाकर स्कूल जाने वाले नाबालिग बच्चों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। तीन दिन पूर्व चेतावनी के बाद पुलिस ने मंगलवार को बच्चों की स्कूटी को सीज करते हुए उनके अभिभावकों को सख्त चेतावनी दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 15 से अधिक वाहनों को सीज किया गया।

तीन दिन पूर्व ही अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने अभिभावकों व शैक्षणिक संस्थानों की बैठक ली थी। बैठक में उन्होंने अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों को वाहन नहीं देने की चेतावनी दी थी। साथ ही शैक्षणिक संस्थानों को भी वाहन से स्कूल आने वाले बच्चों की सूचना पुलिस को देने की बात कही। एएसपी ने हिदायत देने हुए कहा था कि यदि कोई भी नाबालिग वाहन चलाता है तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत 25 हजार रुपये का जुर्माना व अभिभावकों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बावजूद इसके मंगलवार को कई नाबालिग बच्चे वाहनों से स्कूल आवागमन करते हुए नजर आए। जिसके बाद पुलिस ने ऐसे नाबालिग बच्चों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीमें स्कूल के बाहर सड़कों पर पहुंची और उनके वाहनों को सीज किया। कई नाबालिग पुलिस टीम को देख गली-मोहल्लों से वाहन निकाल कर भाग गए। जबकि, कई नाबालिग पुलिस के हत्थे चढ़ गए। अभियान के दौरान पुलिस वाहनों को सीज कर उन्हें कोतवाली लेकर आई। अपर पुलिस अधीक्षक जया बलोनी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को देखते हुए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। पुलिस का अभियान आगे भी जारी रहेगा।


कार्रवाई के बाद कोतवाली में खड़े किए गए दोपहिया वाहन

# छात्राओं की प्रस्तुतियों ने मोहा दर्शकों का मन

## राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित ह्यप्रवेशोत्सवह्ण कार्यक्रम में इस सत्र में विद्यालय में प्रवेश लेने वाले नूतन छात्र- छात्राओं का स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई। इस दौरान छात्राओं की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राइका कोटद्वार के सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद, एससीईआरटी के पर्यवेक्षक विनय थपलियाल एवं शिक्षाविद अनिल बहुगुणा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीईओ अमित कुमार चंद ने कहा कि सभी सरकारी विद्यालय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में दीजा रही शिक्षा का लाभ उठाना चाहिए और अपने पाल्यों का एडमिशन सरकारी स्कूलों में करना चाहिए। एससीईआरटी देहरादून से आए विनय थपलियाल ने कहा कि सरकारी स्कूल जन समाज को शिक्षा मुहैया कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। अनिल बहुगुणा ने कहा देश में शैक्षिक स्तर को ऊपर उठाने में सरकारी स्कूलों की बहुत बड़ी भूमिका है। इस अवसर पर उत्तराखंड लोक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल, कै. पी.एल. खंतवाल एवं अजय पाल रावत ने अपनी संस्था की ओर से नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को चार कापी और पेन के सेट भेंट किए। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मुकेश रावत, पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, एसएमसी अध्यक्ष निर्मला देवी, रामप्रकाश शर्मा, डा. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, सीतांशु खुगशाल, अनूप नेगी आदि ने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय में अब तक 95 बच्चे प्रवेश ले चुके हैं। सभी नवप्रवेशी छात्र- छात्राओं के साथ उनके अभिभावक भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अंजना संतोषी व सुरभि सचदेवा ने संयुक्त रूप से किया। वहीं, दूसरी ओर राउप्रावि बालक नगर क्षेत्र में आयोजित प्रवेशोत्सव में नूतन छात्रों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बीईओ अमित चंद, विनय थपलियाल, डायट प्रतिनिधि, प्रधानाध्यापक नफीस अहमद, नमिता बुडाकोटी, डा. सुधा रावत, ललिता रावत, हुकुम नेगी ,बीएड प्रशिक्षु आदि उपस्थित थे। इस दौरान बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं

# रेखा देवी बनी प्रबंधन समिति की अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहीद लासनायक धनवीर सिंह राणा राजकीय इंटर कालेज कलालघाटी में विद्यालय प्रबंधन समिति की पुरानी कार्यकारणी को भंग कर नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया।

इस दौरान रेखा देवी को प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। साथ ही विद्यालय में नवप्रवेशोत्सव भी मनाया गया। मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने किया। उन्होंने कहा कि नए सत्र में उनके विद्यालय में 26 बच्चों ने प्रवेश लिया है। इसके लिए शिक्षक व विद्यार्थी लगातार अभियान भी चला रहे थे। इसके उपरांत विद्यालय प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी गठित की गई। इस दौरान रेखा देवी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। चंद्र प्रकाश जखमोला, रोशनी देवी, आरती देवी, एहसान, आभा डबराल, सुनीता देवी, मीना श्रीवास्तव, अनीता को बतौर सदस्य शामिल किया गया। इस मौके पर ऊषा रावत, बीना शर्मा, अर्चना कंडवाल, डा.मंजु कपरवाण, सावित्री रावत, विनीता जोशी, निधि, किरण जागरवाल आदि मौजूद रहे।


विद्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते शिक्षक व अन्य

# सड़क पर उतरा निगम, हटाया अतिक्रमण



नगर निगम के कर्मचारी अभियान के दौरान सामान ट्रक में डालते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मंगलवार को निगम की टीम ने शहर की सड़कों पर उतरकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान एक दर्जन से अधिक अतिक्रमणकारियों के चालान भी काटे गए। साथ ही निगम ने सड़क पर लगे सामान को भी जब्त किया।

शहर की सड़कों पर लगातार अतिक्रमण बढ़ता जा रहा था। तीन दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने नगर निगम के अधिकारियों को शहर से अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। ऐसे में मंगलवार को नगर निगम ने बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, गोखले मार्ग, स्टेशन रोड में पहुंचकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारी व निगम कर्मियों के बीच हल्की झड़प भी देखने को मिली। व्यापारियों ने नगर निगम पर उनके शोषण का आरोप लगाया। कहा कि कई व्यापारियों ने सड़क किनारे नाली के भीतर सामान लगाया हुआ था। बावजूद नगर निगम उसे भी जब्त कर अपने साथ ले गया। नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अतिक्रमण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कहा कि व्यापारियों को दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

## प्रवेश महोत्सव में किया मेधावी छात्रों का सम्मान

नई टिहरी : राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवप्रयाग में बुधवार को प्रवेश महोत्सव में बच्चों के प्रवेश को लेकर अभिभावकों की भारी भीड़ दिखी। प्राथमिक विद्यालय सभी सरकारी स्कूलों के लिए आज नई मिसाल बना है। बुधवार को आयोजित प्रवेश महोत्सव में बीईओ डॉ. भास्कर बैबनी और माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशक सीपी रतूड़ी ने अभिववकों को आभार जताया। कहा कि, बदलते परिवेश में बच्चों को क्या पढ़ाया जाय व क्या समझ पाए, इसके लिये निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। देवप्रयाग तहसील प्राथमिक विद्यालय ऐसे विद्यालय में हैं, जिसमे छात्र-छात्राओं के लिये हर प्रकार की सुविधाएं हैं। यहां के प्रधानाचार्य विजय सिंह और उनके सह अध्यापकों ने अपनी मेहनत से आगे बढ़ाया है। अब इस विद्यालय को पीएम श्री विद्यालय से जोड़ा जा चुका है। वर्ष 2014 में इस प्राथमिक विद्यालय में मात्र 6 बच्चे थे, जो आज बढ़कर 100 हो चुके हैं। इन पांच वर्षों में इस प्राथमिक विद्यालय से चार बच्चे हिम ज्योति विद्यालय, जवाहर नवोदय और राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के लिए भी चुने गये हैं। वहीं अभिभावकों द्वारा प्राथमिक विद्यालय को जूनियर हाईस्कूल बनाने को लेकर भी मांग भी की गयी। इस मौके पर पूर्व अध्यापिका सरिता जोशी, कमला पंत, ममता आदि मौजूद रहे। वहीं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज थत्यूड़ में प्रवेश उत्सव व मेधावी छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मौके पर कक्षा 6 में नई प्रवेश करने वाले छात्राओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही वर्ष 2023 व 24 की बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–नीलामी सूचना**

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 30 एस.एल.आरः **14320** (F-I, F-II, R-I), **22918** (F-I), **14236** (F-I, R-I), **14321** (F-I), **14718** (F-I, F-II, R-I), **12091** (F-I, F-II, R-I), **14315** (F-I, F-II, R-I), **14609** (F-I), **14605** (F-I), **12037** (F-I), **15120** (F-I), **12018** (F-I), **14887** (F-I, F-II, R-I), **14304** (F-I, F-II, R-I), **14306** (F-I, F-II, R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **15.05.2024** (Timings: 10:00 A.M.) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ही उपलब्ध हैं।

• मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 31 एस.एल.आरः **18478** (F-I), **14816** (F-I, F-II, R-I), **19566** (F-I, F-II, R-I), **12912** (F-I), **14308** (F-I, F-II, R-I), **14631** (F-I, F-II, R-I), **19610** (F-I), **14230** (F-I, F-II, R-I), **12056** (F-I), **14310** (F-I), **14042** (F-I, F-II, R-I), **14120** (F-I), **12172** (F-I), **14090** (F-I, F-II, R-I), **19020** (F-I), **14318** (F-I), **22660** (F-I), **15019** (F-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए लेने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक **14.05.2024** (Timings: 10:00 A.M.) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर ही उपलब्ध हैं।

**1304/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 16-DRM-MB-24-25 dt. 30.04.2024 | 18-DRM-MB-24-25 dt. 30.04.2024 |
|---|---|---|
| Name of Work | Balance work of Provision of Sump well and covering at LHS no.70(CH-HGJ). 73(CH-HGJ) & LHS no. 74(CH- HGJ) & 16 in BE-CH section under ADEN/CH | CTR work of 1.092 in the Jurisdiction of SSE/P-Way/MB under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date Time | 27.05.2024 | 27.05.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 3,04,99,889.96 | 69,85,770.90 |
| Earnest Money (Rs.) | 3,24,500.00 | 1,39,700.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 | 00.00 |
| Bidding Start Date | 13.05.2024 | 13.05.2024 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 30.04.2024 **1317/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से, उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद निम्नलिखित कार्य के लिए **सिंगल पैकेट प्रणाली** के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं :

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थानः** उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्य क्षेत्र में मुरादाबाद मण्डल के अन्तर्गत लखनऊ–सहारनपुर सैक्शन के बालामऊ स्टेशन पर शेष सिविल कार्य जैसे सर्विस बिल्डिंग का निर्माण, हाई लेवल प्लेटफार्म सं० 3&4 एवं 5&6 का विस्तार और चौड़ीकरण का कार्य और अन्य संबद्ध कार्य या किसी अन्य रेलवे स्टेशन पर कोई अन्य सिविल इंजीनियरिंग कार्य। | |
| 2 | **कार्य पूरा करने की अवधि** | 6 (छः) माह |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत** | रु 667.64 लाख |
| 4 | **जमा की जाने वाली जमानत राशि** | रू 4,83,800.00 |
| 5 | **निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की वृहत जानकारी** : ई निविदा प्रपत्र की वृहत सूचना उत्तर रेलवे कि वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। उपर्युक्त निविदा प्रपत्र आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर दिनांक 01.05.2024 से दिनांक 22.05.2024 को 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। उपर्युक्त टेण्डर के सम्बन्ध में अन्य सभी नियम व शर्ते टेण्डर डॉक्यूमेंट में दी गई हैं। निविदा सूचना कि वृहत जानकारी कार्यालय में निविदा सूचना बोर्ड से की जा सकती है। | |
| 6 | **ई–निविदा अपलोड करने व खुलने कि तिथिः** ई–निविदा दिनांक 08.05.2024 से 22.05.2024 को 11:30 बजे तक आईआरईपीएस की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है। बोलीकर्ता ई–टेण्डर में भाग ले सकते हैं। टेकनिकल कम कमर्शिअल बिड दिनांक 22.05.2024 को 11:30 बजे तक ई–टेण्डर अपलोडिंग बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जाएगी। | |

**निविदा सूचना सं० –1–डब्लू–टेण्डर–284–उप मु० अभि० नि० मुरादाबाद दिनांक 30.04.2024** **1298/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 20-DRM-MB-24-25 30.04.2024 |
|---|---|
| कार्य का नाम | New roof construction and false ceiling work of Dormitory at Jharipani in the jurisdiction SSE/W/DDN under ADEN/HW |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 23.05.2024 16:00 |
| अनुमानित लागत | 99,97,954.96 |
| धरोहर राशि | 2,00,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 09.05.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 30.04.2024 **1314/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

### मिशन कोशिश पर विशेष ध्यान दें अभिभावक

चमोली : आदिबदरी और देवलकोट के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों की बुधवार को एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला अजीम प्रेम जी फाउडेशन के सौजन्य से राआइंका आदिबदरी में संपन्न हो गई। मिशन कोशिश के एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यशाला में बच्चों की पिछली दक्षता पूर्ण करने के लिए विभाग एवं संस्था द्वारा मॉडूयूल माह मई के लिए तैयार किया गया। जिसमें बच्चों की पिछली कक्षाओं की दक्षता प्राप्त हो सके। इस अवसर पर बीईओ विनोद सिंह ने मिशन कोशिश पर विशेष ध्यान देने पर अध्यापकों को बल दिया। (एजेंसी)

### मनोज बागड़ी बनें अध्यक्ष

नई टिहरी : राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक और राजस्व सेवक संघ देवप्रयाग की बुधवार को नई कार्यकारिणी गठित की गयी। जिसमें मनोज बागड़ी अध्यक्ष और प्रमोद चौहान सचिव चुने। तहसील मुख्यालय में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारी चुने गए। संघ के संरक्षक कानूनगो मदनलाल चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष दिनेश बिजल्वाण, कोषाध्यक्ष गिरीश डोभाल, सह सचिव रवि शंकर, मीडिया प्रभारी हेमंत भट्ट तथा संदीप शाह, तोता सिंह, सतीश डोभाल, भंवरदास, हीरा सिंह, दिनेश रावत, उत्तम सिंह, प्रताप पंवार को सदस्य चुना गया। (एजेंसी)

### उत्तराखंड के लिए एक जुट होकर कार्य करेंगे

घनसाली : राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने नगर निकाय चुनावों के लिए घनसाली-चमियाला क्षेत्र में प्रभारी योगी अनंत जितेंद्र थपलियाल के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष विशन कण्डारी ने बताया कि, घनसाली बाजार में लगभग 25 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी ने सभी वार्डों के लिए प्रत्याशी घोषित किए। संस्थापक सदस्य जितेंद्र थपलियाल ने कहा कि, स्पष्टवादी सोच के साथ सभी नेतागण, कार्यकर्ता स्वावलंबी उत्तराखंड के लिए एक जुट होकर कार्य करेंगे। (एजेंसी)

### ऋषिकेश से भटवाड़ा के लिए नियमित बस सेवा शुरू

नई टिहरी : बुधवार को प्रतापनगर विधायक विक्रम नेगी ने ऋषिकेश-भटवाड़ा बस सेवा को झंडी दिखाकर रवाना किया। बस सेवा प्रतिदिन सुबह दस बजे ऋषिकेश से चलकर चंबा-डोबरा-चांठी से मोटणा-धारकोट-रजाखेत होते हुए चार बजे भटवाड़ा पहुंचेगी।

वहीं अगले दिन सात बजे रजाखेत से ऋषिकेश को प्रस्थान करेगी। बुधवार को ऋषिकेश में प्रतापनगर क्षेत्र के लिए शुरू हुई बस सेवा का शुभारंभ करते हुए विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कहा कि ग्रामीणों की ओर से काफी समय से इस मार्ग पर बस चलाने की मांग की जा रही थी। बस सेवा से क्षेत्र की जनता को काफी लाभ मिलेगा और यात्रा सुगम होगी। इस मौके पर टीजीएमओ के अध्यक्ष जितेन्द्र नेगी, उपाध्यक्ष बलबीर रौतेला, उत्तरकाशी लोकल रोटेशन अध्यक्ष गजपाल सिंह रावत, संचालक प्रेमपाल बिष्ट, यशपाल सिंह राणा, महिपाल सिंह नेगी, मनोज सेमवाल, तुलाराम पैन्यूली, मेताब सिंह नेगी, मेहरबान सिंह नेगी, दयाल सिंह सजवाण, संदीप रावत, प्रमोद नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### चार धाम की तैयारी के कामों की लगातार होगी निगरानी

नई टिहरी : प्रशासन ने चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर जिले के विभिन्न हिस्सों में बुधवार से सफाई अभियान शुरू कर दिया है। साथ ही सड़कों के सुधारीकरण भी शुरू हो गया है। डीएम ने कहा कि चारधाम की तैयारी के कामों की लगातार निगरानी भी की जाएगी। जनपद में यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि जनपद की सभी पालिकाओं सहित लोनिवि, राजमार्ग और पीएमजीएसवाई को सड़कों के सुधारीकरण के काम शुरू करवा दिए गये हैं।

डीएम ने कहा कि चारधाम यात्र पर आने वाले श्रद्धालु यहां से अच्छा संदेश लेकर जाएं। जिसके लिए उन्हें अच्छी सुविधा और यात्रा के लिए सुलभ माहौल देने का काम किया जायेगा। इसलिए सभी सड़कों से सम्बंधित विभागों और निकायों को अपने क्षेत्र में घाटों, स्थानीय बाजार, सड़क, नालियों आदि स्थानों की नियमित साफ-सफाई शुरू करवा दी गई है। जिसके तहत बुधवार को तपोवन ने एनएच-58 पर तपोवन मुख्य मार्ग, क्रिया योगा आश्रम, मुख्य मार्ग, लैमन ट्री होटल पर नालियों की सफाई की गयी। इसी क्रम में नगर पालिका मुनिकीरेती ने आस्थापथ, रामझूला रोड विभिन्न घाटों एवं एनएच-58 से लगे क्षेत्रों में साफ-सफाई का कार्य किया गया।

# राइंका पुरियाडांग और राप्रावि घंडियाल में मनाया प्रवेश उत्सव



**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखण्ड कल्जीखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज पुरियाडांग में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर नवीन प्रवेश लेने वाले छात्रों एवं अभिभावकों को माला पहनाकर एवं बुके भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेन्द्र सिंह नेगी, समाजिक कार्यकतां जगमोहन डांगी, अशोक रावत, विद्यालय प्रधाचार्य मनोज कुमार घुनियाल ने संयुक्त रूप में द्वीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के नवीन प्रवेश सत्र में दाखिला लेने वाले कक्षा छः से लेकर कक्षा 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं का निवर्तमान छात्र-छात्राओं द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य मनोज कुमार घुनियाल ने बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं का परीक्षा प्रतिशत परिणाम की प्रगति रिपोर्ट भी उपस्थित अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि विद्यालय अभिभावकों के विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगा, ताकि सरकारी विद्यालयों में अभिभावकों का विश्वास कायम रहे और विद्यालय की छात्र संख्या बढ़ती रहे। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में सरकार की छात्रों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित हो रही है। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष जसवीर रावत, राकेश रावत, आशुतोष रावत, मनोज नैथानी, सहित भारी संख्या में अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन राकेश भारती ने किया। वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय घण्डियाल में भी प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में समाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी की मौजूदगी रही। उन्होंने विद्यालय की छात्र संख्या पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जहां ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर पलायन के कारण अधिकतर सरकारी विद्यालय बंद हो गए वहीं प्राथमिक विद्यालय घण्डियाल में आज भी छात्र संख्या 23 है। जो कि पलायन के बाद भी बहुत है।

### जिले की सरकारी स्कूलों में 8 हजार से अधिक प्रवेश

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को जिले की स्कूलों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशित विद्यार्थियों का माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग के अफसरों ने स्कूलों में नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत कर उन्हें पठन-पाठन सामग्री दी। पौड़ी जिले में कक्षा एक से लेकर 12वीं तक कुल 8 हजार 308 नए प्रवेश हुए है। पौड़ी के विधायक राजकुमार पोरी ने कल्जीखाल ब्लाक के उप्रावि. में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया और छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अजय पंवार, शिक्षक जयदीप रावत सहित पीटीए अध्यक्ष भरत सिंह रावत आदि भी मौजूद रहे।

# छात्रों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : गढ़वाल विवि के पौड़ी परिसर में बुधवार को सेल्फ एंड सोशल डेवलपमेंट कोर्स क्रेडिट के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान जन जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई।

बुधवार को परिसर निदेशक प्रो. पीपी बडोनी ने हरी झंडी दिखाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। परिसर निदेशक ने छात्रों का उत्साह-वर्धन करते हुए कहा कि सेल्फ एंड सोशल डेवलपमेंट कोर्स व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कहा कि यह पहला केंद्रीय विश्वविद्यालय है जो इस कोर्स का संचालन कर रहा है। इस कोर्स में छात्र-छात्राओं की 5 टीमें नीलकंठ ग्रुप, त्रिशुल ग्रुप, नंदा ग्रुप, चौखंबा ग्रुप और गंगोत्री ग्रुप गठित की गई।

हर टीम का नेतृत्व ग्रुप लीडर्स ने किया। पांचो टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम शुक्रवार तक चलाया जाएगा, जिसमें हर छात्र को 30 घंटे काम करना होगा। दूसरे सत्र में प्रो. रेखा नैथानी ने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी दी। इस मौके पर समन्वयक डॉ. किरन बाला, डॉ. ल्हामू डूकपा, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. विपुल, डॉ. नवीन, डॉ. अनिल देवदत्त, डॉ. गौतम, डॉ. अमन आदि भी मौजूद रहे।

# यात्रा मार्ग पर 4 किमी. बर्फ हटाकर आवाजाही की सुचारु



चमोली : चमोली में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे की यात्रा तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन, भारतीय सेना और गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। जिसके तहत भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के जवानों की ओर से हेमकुंड साहिब यात्रा के पैदल मार्ग पर 4 किलोमीटर हिस्से से बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी है। जबकि अभी भी 2 किलोमीटर मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है।

बद्रीनाथ धाम की यात्रा शुरु होने के बाद आगामी 25 मई को हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट खोले जाने हैं। जिसे लेकर भारतीय सेना की 418 इंजीनियरिंग कोर के हवलदार हर सेवक सिंह के नेतृत्व में जवानों द्वारा इन दिनों यात्रा के पैदल मार्ग से बर्फ हटाने का कार्य किया जा रहा है।

गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र जीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग पर 4 किलोमीटर तक बर्फ हटाकर पैदल आवाजाही सुचारू कर दी गई है। जबकि गुरुवार से यहां यात्रा मार्ग पर पैदल मार्ग के साथ ही घोड़ा-खच्चर मार्ग से भी बर्फ हटाने का कार्य शुरु कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि घांघरियां में गुरुद्वारे में आवास के साथ ही पेयजल और विद्युत व्यवस्था को भी चाक-चौबंध करने का कार्य सेवादारों की ओर से शुरु कर दिया गया है। बताया कि ऊर्जा निगम और संचार निगम की ओर से शुक्रवार तक घाटी में विद्युत और संचार की व्यवस्था सुचारु करने की बात कही गई है। (एजेंसी)

# राइका थलीसैंण में धूमधाम से मनाया प्रवेशोत्सव

### अभिभावकों से बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने की अपील

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : शैक्षिक सत्र 2024-25 में सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और नव प्रवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज थलीसैंण में प्रवेशोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर बच्चों को निःशुल्क किताबों का भी वितरण किया गया। इस दौरान नए छात्र-छात्राओं का स्वागत करने के साथ ही अभिभावकों को अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजने के लिए प्रेरित किया। स्कूलों में प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं को जल्द प्रवेश लेने को प्रेरित किया। इस दौरान विद्यालय की ओर से अभिभावकों को विद्यालयों में विद्यार्थियों को दी जा रही सरकारी सुविधाओं की जानकारी दी।



मुख्य अतिथि राज्य समन्वयक समग्र शिक्षा योगेंद्र नेगी, जिला समन्वयक पौड़ी श्रीमती रीना रावत एवं श्रीमती गरिमा व्यास, खंड शिक्षा अधिकारी विवेक पंवार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय के 29 छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण करने के पश्चात पुस्तक देकर नवीन प्रवेश दिया गया। मुख्य अतिथि योगेन्द्र नेगी ने समग्र शिक्षा के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही सरकारी विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। इस दौरान बच्चों के अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लगातार सरकारी विद्यालयों के माध्यम से गुणवत्ता परक शिक्षा दी जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। थलीसैंण विकासखंड के खंड शिक्षा अधिकारी विवेक पंवार ने बच्चों को नया प्रवेश लेने, पूरे मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करने और जीवन में नित् नयी उन्नति हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर छात्रा कोमल और शैलजा को हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर क्रमशः प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 500-500 रूपये देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप भारद्वाज, पूर्व प्रधानाचार्य धांधणखेत वीरमणि पोखरियाल, वरिष्ठ पत्रकार श्रआशाराम पोखरियाल, पी.टी.ए. अध्यक्षा श्रीमती लता रावत, एसएमसी अध्यक्षा श्रीमती विमला देवी, अभिभावक सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने 22 नाबालिग वाहन चालकों के वाहन किए सीज

### पौड़ी पुलिस का 15 दिवसीय विशेष अभियान शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद में नाबालिगों के वाहन चलाने से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु 15 दिवसीय विशेष अभियान बुधवार से शुरू हो गया है। अभियान के पहले दिन पुलिस ने 22 नाबालिग वाहन चालकों के वाहन सीज कर 25-25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने जनपद में नाबालिगों के वाहन चलाने से बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु 1 मई 2024 से 15 दिवसीय विशेष अभियान चलायें जाने हेतु आदेशित किया गया है। अभियान चलाने से पूर्व पौड़ी पुलिस ने जनपद में नाबालिगों को वाहन न देने और ना ही वाहन चलाने हेतु प्रेरित करने के सम्बन्ध में अभिभावकों एवं स्कूल प्रबन्धन की मीटिंग लेने के साथ-साथ



जागरूक किया था। पुलिस की ओर से बताया गया था कि नाबालिगों के वाहन चलाने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। बुधवार को जिले की पुलिस ने अभियान के पहले दिन ही 22 नाबालिग वाहन चालकों के वाहन सीज कर 25-25 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि बुधवार को अभियान के पहले दिन कोतवाली कोटद्वार ने 13, थाना लक्ष्मणझूला ने 5, कोतवाली पौड़ी ने 1, यातायात कोटद्वार ने 2 एवं यातायात श्रीनगर ने 1 सहित कुल 22 नाबालिग वाहन चालकों को वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर उनके वाहनों को सीज कर अभिभावकों, वाहन स्वामी के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 25-25 हजार रूपए का चालान काटकर माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया। नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

# अतिक्रमण से मंदिर की सुंदरता हो रही समाप्त

चमोली : हनुमानचट्टी में स्थित हनुमान मंदिर के पुजारी संदीप भट्ट ने बुधवार को एसडीएम जोशीमठ से मुलाकात की।

पुजारी ने एसडीएम को बताया कि मंदिर के आसपास लगातार हो रहे अतिक्रमण से मंदिर की सुंदरता एवं भव्यता को नुकसान पहुंच रहा है। उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर हनुमानचट्टी मंदिर के पुजारी संदीप भट्ट ने कहा कि शास्त्रानुसार बदरीनाथ दर्शन को जाने वाला हर श्रद्धालू यहां पर रूक कर आवश्यक रूप से हनुमान की पूजा अर्चना करके ही आगे बढ़ता है। लेकिन पिछले कुछ समय से मंदिर के आसपास सड़क के किनारे खाली पड़ी भूमि में लगातार बन रही टिन की दुकानों और ढाबों के कारण मंदिर इनके बीच में छिपता जा रहा है। (एजेंसी)

# स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही की तो होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

नई टिहरी : डीएम मयूर दीक्षित ने बुधवार को जिला सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। डीएम ने निर्देश दिए कि विभाग यह सुनिश्चित कर ले कि स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में किसी भी महिला और बच्चे की मृत्यु न हो। इन मामलों में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनीमिया मुक्त भारत अभियान और टेली कंसल्टेशन सेवा का लाभ दूर-दराज के क्षेत्रों तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

डीएम दीक्षित ने स्वास्थ्य अधिकारियों को घुत्तू पीएचसी में डिलीवरी प्वाइंट बनाने, होम डिलीवरी को शून्य करने, आरबीएसके टीम के चिह्नित बच्चों का डाटा उपलब्ध कराने तथा ऐसे बच्चों की सहायता करने, सीएचओ की रिपोर्ट भेजने तथा लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मिशन के तहत नशामुक्ति को लेकर विशेष फोकस करते हुए काउंसलिंग करने तथा काउंसलरों की सीएमओ के साथ बैठक करवाने को कहा। सीएमओ को आशा कार्यकर्ताओं एवं एएनएम की एक्टीविटियों को बढ़ाने, सीएचओ और एएनएम को स्क्रीनिंग और विजिट के लिए रेण्डमली टास्क देने के भी निर्देश दिए।

सीडीओ को सभी सीएचसी का निरीक्षण कराने को कहा। सभी एमओआईसी को जिला योजना के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों का प्लान बनाकर उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने एएनसी जांच के संबंध में ब्लॉक वाइज ग्राफ बनाने तथा देवप्रयाग और जौनपुर में एएनसी जांच प्रतिशत कम होने के कारण पर उचित जवाब न मिलने पर सीएमओ को सम्बंधित एमओआईसी का स्पष्टीकरण तलब करने को कहा गया। (एजेंसी)

# एसडीएम ने किया गेहूं पर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण

चमोली : उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडेय ने बुधवार को राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र चमोली के अन्तर्गत हरमनी गांव में रबी की फसल गेहूं पर क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। राजस्व विभाग ने काश्तकार सिद्धि देवी के गेहूं के खेत में नियमानुसार 30 वर्ग मीटर का प्लाट बनाकर क्रॉप कटिंग की। निर्धारित आकार के प्लाट में गेहूं की 5.55 किलोग्राम बालियों का उत्पादन प्राप्त हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी ने खेत का नक्शा, खसरा रजिस्टर आदि भू-अभिलेखों की जॉच भी की। क्रॉप कटिंग के दौरान राजस्व उप निरीक्षक नीरज स्वरूप, काश्तकार सिद्धि देवी, लक्ष्मण सिंह आदि मौजूद थे। क्रॉप कटिंग प्रयोगों के आधार पर ही जिले में फसलों के औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार कर उत्पादन की सटीक जानकारी हासिल की जा रही है। प्रत्येक राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्र में क्रॉप कटिंग प्रयोग खेत में 30 वर्गमीटर प्लाट बनाकर उसमें उत्पादित फसल के बीज को लिया जाता है, जिसे 15 दिनों तक सूखाने के लिए रखा जाता है। इसके पश्चात दानों की तौल लेकर उत्पादन की गणना की जाती है। क्रॉप कटिंग प्रयोगों से प्राप्त उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति एवं फसल बीमा की राशि की गणना तथा विभिन्न फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की गणना की जाती है। (एजेंसी)

### शराब बिक्री के खिलाफ ग्रामीण मुखर

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड के ग्राम सभा रैंस में ग्रामीणों ने बुधवार को शराब बंद करने की मांग को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गांव में शराब बंद करने की मांग को लेकर उप जिलाधिकारी थराली को ज्ञापन प्रेषित किया है। ग्राम सभा रैंस में शराब के बढ़ते प्रचलन के खिलाफ ग्रामीण मुखर हो गए हैं। बुधवार को गांव में शराब बंद करने की मांग को लेकर ग्रामीणों, महिला मंगल दल और युवक मंगल दल की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे शराब के प्रचलन से युवा पीढ़ी को भारी नुकसान हो रहा है।

# 3 से 12 जुलाई तक होगी वायुसेना की भर्ती रैली

### एयरफोर्स स्टेशन, चण्डीगढ़ में आयोजित होगी मेडिकल असिस्टेंट की भर्ती रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वायुसेना चयन केंद्र रेस कोर्स नई दिल्ली व एयरफोर्स चण्डीगढ़ द्वारा आगामी 3 से 12 जुलाई 2024 तक एयरफोर्स स्टेशन चण्डीगढ़ में मेडिकल असिस्टैंट कैडर की भर्ती आयोजित की जाएगी। भर्ती रैली में केवल पुरूष अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकेगें।

सार्जेंट दीपक केशरी के नेतृत्व में जनपद के राजकीय इंटर कालेज कंडारा, राजकीय इंटर कालेज पौड़ी नगर व राजकीय बालिका इंटर कालेज पौड़ी में छात्रों को भर्ती की जानकारी देते हुए उनमें देश भक्ति का जज्बा भरकर देश सेवा करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अग्निवीर कैडर भर्ती और ऑफिसर कैडर भर्ती आवश्यक प्रक्रियाओं जैसे कि शैक्षणिक योग्यताएं, शारीरिक मापदण्ड, चिकित्सा परीक्षण और परीक्षाओं के चरणों की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी। सार्जेंट दीपक केशरी ने बताया कि परमानेंट कैडर की इस भर्ती में मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के साथ-साथ अंग्रेजी पास व बी.एस.सी. फार्मेसी वाले अभ्यर्थी भर्ती रैली में सम्मिलित हो सकेंगे। 12वीं पास वाले अभ्यर्थी की उम्र 02 जनवरी, 2004 से 02 जनवरी, 2008 के बीच तथा बी.एस.सी. फार्मेसी की उम्र 25 फरवरी, 2001 से 25 जनवरी, 2004 के मध्य होनी चाहिए। भर्ती रैली में केवल पुरूष अभ्यर्थी ही सम्मिलित हो सकेगें। एयरफोर्स चण्डीगढ़ की ओर से बताया गया कि भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइड पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर संजय कुण्डु, श्री दुष्यंत सहित अन्य कर्मचारी व विद्यालयों के प्रधानाचार्य/शिक्षक उपस्थित थे।



# महाराज बोले एनडीए गठबंधन की विचारधारा केवल राष्ट्र का विकास

भिवंडी (महाराष्ट्र)/देहरादून : भाजपा को वोट देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यों का समर्थन, सामाजिक प्रगति और हाशिए पर मौजूद वर्गों के उत्थान की दिशा में एक कदम माना जाता है। जबकि कथित ह्यघमंडी गठबंधनह्न के लिए मतदान करना अस्थिरता और विकास की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के समान है।

उक्त बात भाजपा के स्टार प्रचारक और उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को महाराष्ट्र के भिवंडी से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी कपिल मोरेश्वर पाटिल के समर्थन में कामतघर, भिवंडी स्थित मोतीराम दादाजी काटेकर ग्राउण्ड में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भिवंडी दंगों के दौरान हिंदुओं की जान बचाने में हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना सबसे आगे थी, लेकिन उद्धव ठाकरे अपने पिता के सिद्धांतों को भूल गए हैं और उन्होंने भिवंडी दंगों के दौरान हिंदुओं की हत्या करने वाली ताकतों के साथ गठबंधन कर लिया है। यही कारण है कि एकनाथ शिंदे ने धर्मनिरपेक्ष ताकतों के साथ गठबंधन बनाते हुए ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से अपनी राहें अलग कर लीं। मौजूदा महायुति सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर की विचारधारा पर ही चल रही है। भाजपा के स्टार प्रचारक सतपाल महाराज ने ठाणे जिले के भिवंडी तालुका को भारत के पहले कार्बन न्यूट्रल गांव के रूप में विकसित किये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी भिवंडीकरों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जहां कई वर्षों से अभी तक नल के माध्यम से पानी नहीं पहुंचा है, केंद्र सरकार की ह्लहर घर नल से जलह्व



योजना के तहत पानी पहुंचाने का काम चल रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की लाखों महिलाओं को लाभ होगा, जो कई वर्षों से अपने पानी लाने के लिए सिर पर बर्तन लेकर दूर-दूर जाती थीं। नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार तेजी से बुनियादी सुविधाओं का विकास कर रही है। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 44,000 करोड़ रुपये की लागत से मुंबई-बड़ौदा राजमार्ग का निर्माण किया जा रहा है। श्री महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी और हमारे एनडीए गठबंधन की विचारधारा केवल एक ही है ह्यराष्ट्र का विकासह्न। कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। इसी सरकार ने राम मंदिर का निर्माण किया, धारा 370 हटाकर जम्मू कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त किया। सबसे महत्वपूर्ण, ह्यतीन तलाकह्न जैसे अन्यायकारी पद्धति को हटाकर मुसलमान समाज की बहनों-बेटियों को न्याय दिलाया। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस जैसी राष्ट्रविरोधी ताकतों के साथ गठबंधन करके स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की गौरवशाली राष्ट्रवादी विरासत को धोखा दिया है। महाविकास आघाडी (माविआ) की लापरवाही के कारण महाराष्ट्र के लोगों ने अपना ओबीसी आरक्षण खो दिया है। इस अवसर पर भिवंडी से भारतीय जनता पार्टी के लोक सभा प्रत्याशी कपिल मोरेश्वर पाटिल, भाजपा जिला अध्यक्ष, हर्बल पाटिल, संतोष, मनोज, प्रवीन, राजू, भरत, श्रीमती कल्पना, नरेश, श्रीमती मानसी राजेजी आदि उपस्थित थे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com